आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484




# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :437 पृष्ठ -4 दिनांक 28 मार्च 2025 दिन शुक्रवार

## सपा सांसद के घर पर हुए हमले पर डिंपल यादव बोलीं- श्वे दलित नेता हैं, सरकार की मंशा साफ

### सपा सांसद रामजी लाल सुमन के बेटे रणजीत ने लगाया आरोप

आगरा में करणी सेना से जुड़े लोगों ने राणा सांगा के बारे में विवादित बयान देने वाले समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सदस्य रामजी लाल सुमन के घर पर बुधवार को हमला किया. यह घटना उस समय हुई जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगरा में मौजूद थे. इस घटना पर अखिलेश यादव की पत्नी और मैनपुरी से सपा सांसद डिंपल यादव की प्रतिक्रिया आई है.सपा सांसद डिंपल यादव ने सपा सांसद रामजी लाल सुमन के आवास के बाहर तोड़फोड़ और पथराव पर कहा, ष्यह जो हमला हुआ है हम उसकी निंदा करते हैं. वे (रामजी लाल सुमन) एक दलित नेता हैं. अगर सरकार की मंशा साफ है, तो इन सभी करणी सेना के अपराधियों को जेल भेजा जाए.ष उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा, ष्अखिलेश को अपनी



सरकार याद करनी पड़ेगी. उन्होंने उत्तर प्रदेश में तुष्टीकरण की राजनीति की. एटा , इटावा और मैनपुरी के आगे सोचते नहीं थे. देश और प्रदेश को अब तुष्टीकरण पसंद नहीं है. समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का कोई आरोप उत्तर प्रदेश की जनता पर असर करने वाला नहीं है.करणी सेना के अध्यक्ष सूरज पाल सिंह अमू ने राणा सांगा पर विवादित टिप्पणी करने वाले सपा के राज्यसभा सदस्य और उनकी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव से माफी की मांग की. अमू ने यह भी स्वीकार किया कि उनके कार्यकर्ताओं को कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए था. सांसद रामजी लाल सुमन के बेटे रणजीत ने आरोप लगाया कि करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने हरिपर्वत चौराहे के पास स्थित उनके घर में घुसकर खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए. उन्होंने कहा कि लाठी–डंडे और तलवार लिए हमलावरों ने परिसर में खड़ी कारों में भी तोड़फोड़ की.रणजीत ने कहा, 'सोशल मीडिया पर कई दिनों से मेरे पिता के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है. दो दिन से यह धमकी दी जा रही थी कि आवास का घेराव किया जाएगा. पुलिस और प्रशासन को इसकी जानकारी थी, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की, बल्कि धमकी देने वालों को संरक्षण दिया.'

### राणा सांगा विवादः सपा सांसद के घर पर हुए हमले के विरोध में समाजवादी छात्र सभा ने किया विरोध प्रदर्शन, जमकर की नारेबाजी



आगरा में समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन के आवास पर गुरूवार को हुए बवाल का असर आज लखनऊ में देखने को मिला। लखनऊ के हजरतगंज चौराहे पर समाजवादी छात्र सभा के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। इस दौरान सरकार का पुतला भी फूंकने की कोशिश की गई।सपा सदस्यों को काबू में करने के लिए पुलिस को बीच बचाव करने के लिए आगे आना पड़ा। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने संगठन के छात्रों को हिरासत में लेकर ईको गर्डन रवाना किया गया।बता दें कि महाराणा सांगा को लेकर सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने राज्यसभा में विवादित बयान दिया था। जिसका देश और प्रदेश में विरोध किया जा रहा है। इसी कड़ी में करणी सेना के सदस्यों ने बुधवार को उनके घर के सामने पहुंचकर हंगामा करते हुए पथराव किया था। जिसका आज लखनऊ में समाजवादी छात्र सभा के सदस्यों ने विरोध किया।इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी छात्र सभा विनीत कुशवाहा, ईकाई अध्यक्ष प्रिंस कुमार, शिवा जी यादव, अनमोल राय, विक्रम यादव, प्रेम यादव, कांची यादव आदि मौजूद रहे।

### सीएम योगी की बहन शशि पयाल ने कर दिया कमाल, 400 महिलाओं को ऐसे बनाया आत्मनिर्भर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बड़ी बहन शशि पयाल ने सिफारिश के दम पर नहीं, बल्कि अपनी मेहनत और लगन से आत्मनिर्भर बनने की मिसाल पेश की है. उन्होंने वर्ष 2003–04 में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली स्वरोजगार योजना के तहत आर्थिक सहायता लेकर चाय की दुकान शुरू की थी. आज शशि पयाल स्वरोजगार का प्रतीक बन गई हैं और उनकी बहू शिवानी पयाल उनके नक्शे–कदम पर चलते हुए सैकड़ों मि.हलाओं को आत्मनिर्भर बना रही हैं शशि पयाल पौड़ी जिले के यमकेश्वर ब्लॉक के कोठार गांव में रहती हैं. उन्होंने अपने पति पूरण सिंह पयाल के साथ मिलकर स्वरा.ेजगार की शुरुआत की थी. वीर चंद्र सिंह गढ़वाली योजना के तहत उन्हें आर्थिक सहायता मिली, जिससे उन्होंने गांव में चाय की दुकान खोली.उनकी मेहनत रंग लाई और धीरे–धीरे दुकान से हुई आमदनी से उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया. शशि ने अपने दम पर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की और अब वह दूसरों को भी स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर रही हैं.शशि पयाल की बहू शिवानी पयाल भी आत्मनिर्भरता की राह पर चल रही हैं. वह गांव की महिलाओं को स्वरोजगार के लिए जागरूक कर रही हैं. शिवानी बहुउद्देशीय सहकारी समिति किमसार की सचिव हैं, जो स्थानीय महिलाओं को पशुपालन, मुग.ीर्पालन, कृषि और अन्य रोजगार से जोड़ रही हैं. शिवानी के प्रयासों से समिति से अब तक 400 से अधिक महिलाएं जुड़ चुकी हैं. समिति के माध्यम से महिलाएं सहकारिता विभाग की योजनाओं का लाभ उठा रही हैं और अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचा रही हैं.हाल ही में देहरादून में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर शशि पयाल अपनी बहू शिवानी के साथ कार्यक्रम में पहुंचीं. उन्होंने अपने संघर्ष और आत्मनिर्भरता की कहानी साझा की. शिवानी ने बताया कि सरकार की दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के तहत महिलाओं को एक से तीन लाख रुपये तक का ब्याज रहित ऋण उपलब्ध कराया जाता है.सहक.ारिता समूहों को पांच लाख रुपये तक का ऋण दिया जाता है, जिससे महिलाएं छोटे स्तर पर अपना व्यवसाय शुरू कर सकें. शशि पयाल ने बताया कि उनके परिवार में कुल सात भाई–बहन हैं. उनमें वह तीसरे नंबर पर हैं, जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पांचवें नंबर के हैं. शशि ने कहा कि उन्हें अपने भाई योगी आदित्यनाथ पर गर्व है, वह अपने दम पर आगे बढ़ी हैं और गांव की अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर रही हैं.

### 1 अप्रैल को यूपीएस के विरोध में काला दिवस मनाया जाएगा

नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के आह्वान पर 1 अप्रैल को यूपीएस के विरोध में काला दिवस मनाया जाएगा। सरकार ने केंद्र की नौकरियों में यूपीएस लागू करने का निर्णय लिया है इस निर्णय का पूरे देश का शिक्षक व कर्मचारी विरोध कर रहा है। इसलिये 1 अप्रैल को पूरे देश का शिक्षक व कर्मचारियों के साथ ही प्रदेश का शिक्षक व कर्मचारी काली पट्टी बांधकर अपने कार्यस्थल पर काम कर सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग करेंगे तथा जिला अधिकारी को ज्ञापन देंगे।इसे लेकर अटेवा की प्रदेश के विभिन्न कर्मचारी संगठनों के साथ एक बैठक कैंट स्थित कार्यालय में की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी में लिये गए निर्णय के अनुसार काला दिवस मनाया जाएगा। सभी संगठनों से आह्वान है कि पुरानी पेंशन बहाली के लिये काला दिवस पर अटेवा का साथ दें। प्रदेश महामंत्री डॉ. नीरजपति त्रिपाठी ने कहा कि सरकार देश के अर्द्धसैनिक बलों की पुरानी पेंशन बहाल कर उनके बुढ़ापे की लाठी को मजबूत करे। स्वास्थ्य कर्मचारी महासंघ के महामंत्री अशोक कुमार ने कहा कि सरकार निजीकरण को समाप्त कर पुरानी पेंशन बहाल करे। पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी एसोसिएशन के महामंत्री रामेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि हम सब पुरानी पेंशन बहाली के मुद्दे पर अटेवा के साथ है क्योंकि अटेवा ही लखनऊ से दिल्ली तक पेंशन बहाली की लड़ाई लड़ रहा है। बैठक में प्रमुख रूप से संगीता देवी, विजय कुमार विश्वास,नरेंद्र कुमार,विजय सिंह, विनय कुमार, मनोज कुमार, सुरेश, धीरेन्द्र, शिव लाल, मीना कुमारी समेत विभिन्न विभागों के कर्मचारी व नेता उपस्थित रहे।

### सपा चीफ अखिलेश यादव के गौशाला और इत्र वाले बयान पर चंद्रशेखर आजाद ने दी प्रतिक्रिया

समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के श्गौशाला की दुर्गंध बनाम श्इत्र की सुगंधश बयान ने सियासी पारे को बढ़ा दिया है. उनके मुता.बिक भाजपा गौशाला के जरिए दुर्गंध फैला रही है जबकि उनकी पार्टी इत्र के जरिए सुगंध फैला रही है. सपा चीफ के इस बयान पर नगीना सांसद और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने प्रतिक्रिया दी है.

उन्होंने कहा – यह उनका अपना बयान है. हमें संविधान पसंद है और संविधान पूरी तरह से लागू हो उसी के लिए हम प्रयास कर रहे हैं.ष्इससे पहले कन्नौज पहुंचे उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम ने वर्तमान सीएम योगी आदित्यनाथ को लेकर भी विवादित टिप्पणी की. सपा प्रमुख ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि अगर मैं यह कहूं कि मेरे आदर्श योगी जी हैं, तो हम पगला जाएंगे. जरा सोचिए, मुझे किस तरह के कपड़े पहनने पड़ते. हमारे आदर्श कौन हैं? हमारे आदर्श लोहिया जी हैं. हम डॉ. बीआर अंबेडकर के रास्ते पर चलते हैं. हम नेताजी के दिखाए रास्ते पर चलते हैं. हम समा.जवादी विकास और समृद्धि के लिए प्रयास करते हैं.ष्सपा अध्यक्ष ने आगे कहा, कन्नौज में हमने भाईचारे की खुशबू फैलाई है. दूसरी तरफ भाजपा नफरत की बदबू फैलाती है. मैं कन्नौज के लोगों से आग्रह करता हूं कि वे भाजपा द्वारा फैलाई गई इस दुर्गंध को दूर करें– कुछ हद तक यह पहले ही साफ हो चुकी है, लेकिन अगले चुनाव में इसे पूरी तरह से हटा दें ताकि कन्नौज का रुका हुआ विकास आगे बढ़ सके.इसके बाद अखिलेश ने गौशाला को लेकर विवादित टिप्पणी की. कहा, ष्भाजपा के लोग दुर्गंध पसंद करते हैं, इसलिए गौशाला बना रहे हैं. हम सुगंध पसंद कर रहे थे, इसलिए इत्र पार्क बना रहे थे. यूपी की योगी सरकार प्रदेश में सांड पकड़ने का काम कर रही है.ष्शराब के ठेकों पर एक बोतल पर एक फ्री वाली स्कीम पर सपा प्रमुख ने कहा कि यह योगी जी का पार्टी टाइम है. हम सभी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी टाइम शुरू किया है. यह कैसी सरकार है जो नवरात्र के मौके पर एक बोतल पर एक बोतल फ्री की योजना लाई है?बता दें कि 31 मार्च तक पुराने स्टॉक को खत्म करने के लिए अंग्रेजी शराब के ठेकों पर ऑफर दिया जा रहा है, जिसे लेकर शराब के ठेकों पर लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है. एक बोतल पर एक फ्री वाली स्कीम पर योगी सरकार विपक्ष के निशाने पर आ गई है.

### दल कमेरा वादी की नेता पल्लवी पटेल को राजधानी लखनऊ में हिरासत में लिया

उत्तर प्रदेश स्थित सिराथू से समाजवादी पार्टी की विधायक और अपना दल कमेरा वादी की नेता पल्लवी पटेल को राजधानी लखनऊ में हिरासत में ले लिया गया है. यह जानकारी पल्लवी पटेल ने खुद सोशल मीडिया साइट एक्स पर दी.एक वीडियो शेयर कर पटेल ने लिखा– दलित सांसद के घर पर हमले वह हिंसा के खिलाफ राजधानी लखनऊ की सड़कों पर आंदोलन. सैकड़ो साथियों के साथ हिरासत में लिया गया.संघर्ष जारी रहेगा.बता दें विधायक पलवी पटेल ने सपा सांसद राम जी लाल सुमन के आवास पर करणी सेना द्वारा किए गए तोड़फोड़ को लेकर विरोध प्रदर्शन किया.दलित सांसद के घर पर हमले वह हिंसा के खिलाफ राजधानी लखनऊ की सड़कों पर आंदोलन।सैकड़ो साथियों के साथ हिरासत में लिया गया। समाजवादी पार्टी विधायक पलवी पटेल और अपना दल कमेरावादी के कार्यकर्ताओं ने परिवर्तन चौक से हजरतगंज चौराहे तक प्रदर्शन करने का प्रयास किया. परिवर्तन



चौक पर पुलिस द्वारा बैरिकेटिंग लगाकर सभी प्रदर्शनकारियों को बसों में भरकर इको गार्डन भेजा गया.विधायक पलवी पटेल ने बताया कि राम जी सुमन एक दलित परिवार से आते हैं जिस कारण इस तरह से अत्याचार किया गया और यह एक षड्यंत्र के तहत किया गया है. यह एक दिन का कृत्य नहीं है इसके लिए काफी समय से षड्यंत्र किया जा रहा था.बता दें मंगलवार, 26 मार्च को रामजी लाल सुमन के आगरा स्थित आवास पर करणी सेना के लोगों ने हमला बोला और तोड़ फोड़ की. सुमन का विरोध उस बयान के चलते हो रहा है जो उन्होंने राणा सांगा के संदर्भ में दिया था.हमले के संदर्भ में पुलिस और रामजी लाल सुमने के बेटे दोनों की ओर से अलग–अलग प्राथमीकियां दर्ज कराई गईं हैं.

### लखनऊ : सिल्वर अपार्टमेंट की पार्किंग में लगी आग, 7 टू व्हीलर और 4 कारें जली, 6 लोग सुरक्षित निकाले गए

राजधानी के हजरतगंज कोतवाली अंतर्गत लालबाग के सिल्वर ऑफ अपार्टमेंट की पार्किंग में गुरुवार सुबह करीब पांच बजे आग लग गई। चंद मिनट में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे अपार्टमेंट में धुआं भर गया। आग में जद में आने से सात दोपहिया और चार कारें जलकर नष्ट हो गई। वहीं, अपार्टमेंट के चौथे फ्लोर पर फ्लैट नंबर 403 में धुएं के बीच बुजुर्ग महिला समेत छह लोग फंस गए। जिन्हें पुलिस की मदद से दमकलकर्मियों ने सुरक्षित बाहर निकाला। हालांकि, घंटे भर की कशमकश के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया।हजरतगंज एफएसओ रामकुमार रावत के मुताबिक, लालबाग के 10 जीसी बॉस मार्ग पर पांच मंजिला सिल्वर ऑफ अपार्टमेंट है। गुरुवार सुबह करीब 5रू16 बजे कंट्रोल रूम में अपार्टमेंट की पार्किंग में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद हजरतगंज फायर स्टेशन से दो दमकल की गाड़ियां घटनास्थल पर रवाना की गई। बताया कि अपार्टमेंट की पार्किंग में कई वाहन धू–धूकर जल रहे थे, आग की लपट देख वहां अफरा तफरी मच गई। कुछ ही क्षण में पूरे अपार्टमेंट में धुआं भर गया। जिससे अपार्टमेंट में रहने वाले लोग घबरा कर शोर मचाने लगे। जिसके बाद दमकलकर्मियों ने फायर टेंडर की मदद से आग पर काबू पाने का काम शुरू कर दिया। तभी जानकारी मिलती कि आपर्टमेंट के चौथे फ्लोर में फ्लैट नंबर 403 में कुछ लोग फंसे हुए है।

उसके बाद दमकमकर्मियों ने ब्रीदिंग ऑपरेटस की मदद से जीने के सहारे चौथे फ्लोर के फ्लैट नंबर 403 में पहुंचे, जहां पर धुएं से परेशान लोगों ने खिड़की और दरवाजे बंद कर



दिए थे। एफएसओ ने बताया कि दमकमकर्मियों ने दरवाजा खुलवाते हुए फ्लैट में रहने वाली आलिया बेगम (82), अफसीन बानो (32), रफत (30), अब्बास (9) अदनान (5) मुस्तफा (13) को धुएं से बचाते हुए जीने के सहारे सकुशल बाहर निकाला गया। इस अग्निकांड में 11 वाहन जलकर क्षतिग्रस्त हो गए। इनमें 07 टू व्हीलर और 04 कारें है। जबकि 10 वाहनों को बचा लिया गया कोई जनहानि नहीं हुई। प्रथम दृष्टया में पार्किंग में खड़ी स्कूटी में स्पार्किंग से आग लगी है।

# हाथरस में कांग्रेस कमेटी की एक बैठक आयोजित की गई



हाथरस में कांग्रेस कमेटी की एक बैठक आयोजित की गई। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष योगेश कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने योगी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई है। पिछले कुछ सालों में कई सरकारी परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। कई परीक्षाओं के परिणाम अभी तक घोषित नहीं किए गए हैं। नई शिक्षक भर्ती भी नहीं हो पाई है। नेताओं ने बताया कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की कार्यप्रणाली पूरी तरह से निरंकुश हो चुकी है।निजी क्षेत्र में नए नि. वेश की कमी से युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक युवा बेरोजगार हैं। किसानों और मजदूरों की स्थिति पर भी चिंता जताई गई। दिसंबर 2024 से नरेगा मजदूरों की 100 करोड़ से अधिक की मजदूरी बकाया है।लगातार बढ़ रहे हैं अपराध... त्योहारों के मौसम में भी मजदूरों को उनका वेतन नहीं मिल पा रहा है। अपराधी इस सरकार में निरंकुश हैं और लगातार अपराध बढ़ रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश की इस स्थिति के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिम्मेदार हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से तत्काल इस्तीफे की मांग की है।

# हाथरस में करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकेश सिंह रावल के संभावित दौरे को देखते हुए प्रशासन अलर्ट

हाथरस में करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकेश सिंह रावल के संभावित दौरे को देखते हुए प्रशासन अलर्ट हो गया है। सासनी में हाथरस और अलीगढ़ की सीमा पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।पुलिस ने हाईवे पर दोनों तरफ बैरियर लगा दिए हैं। एसडीएम प्रज्ञा यादव और सीओ सिकंद्राराऊ श्यामवीर सिंह ने अन्य पुलिस बल के साथ क्षेत्र का जायजा लिया।सुरक्षा व्यवस्था के तहत वाहनों की गहन चेकिंग की जा रही है। इस कारण हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं।सूचना मिली है कि मुकेश सिंह रावल सादाबाद क्षेत्र के गांव बहरदोई जाने वाले हैं। इसी के मद्देनजर हाथरस सीमा पर जगह–जगह बैरियर लगाए गए हैं।हनुमान चौकी प्रभारी प्रवेश कुमार सिंह ने भी चौकी पर कई बैरियर लगवाए हैं। प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है और स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# हाथरस में जमीन विवाद को लेकर हुए हमले के मामले में न्यायालय ने तीन आरोपियों को दोषी करार दिया

हाथरस में जमीन विवाद को लेकर हुए हमले के मामले में न्यायालय ने तीन आरोपियों को दोषी करार दिया है। आरोपियों को 5–5 साल की कैद और अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। मामला 5 नवंबर 2009 का है। शाहपुर कलां के अमर सिंह का गांव के ही लालाराम से जमीन विवाद चल रहा था।अमर सिंह जब अपने परिवार के साथ खेत में पानी लगा रहे थे, तब लालाराम अपने बेटे रघुवीर, चोब सिंह और कोमल के साथ वहां पहुंचे। उनके हाथों में लाठी, डंडे और तलवार थी। आरोपियों ने अमर सिंह और उनके परिवार पर हमला कर दिया। इस हमले में अमर सिंह, उनका भतीजा ओमप्रकाश, प्रेमपाल, भतीजी विमलेश और भाई गंभीर रूप से घायल हुए। पीड़ितों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराया और मामला दर्ज किया।एडीजीसी ने की पैरवी जांच के बाद पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। सुनवाई के दौरान एक आरोपी कोमल की मृत्यु हो गई। अपर सत्र न्यायाधीश हर्ष अग्रवाल की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। न्यायालय ने लालाराम, रघुवीर और चोब सिंह को दोषी पाया। अर्थदंड न देने पर आरोपियों को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी प्रतिभा राजपूत ने पैरवी की।

# सपा सांसद के गांव में भारी पुलिस बल तैनात राज्यसभा में दिए बयान के बाद करणी सेना का हंगामा, गांव के मेले में नहीं की शिरकत

राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के राणा सांगा को गद्दार कहने के बयान के बाद उनके पैतृक गांव बहरदोई में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के हाथरस आने की सूचना के बाद प्रशासन अलर्ट हो गया है।गांव की सुरक्षा के लिए पीएसी और स्थानीय पुलिस बल तैनात किया गया है। सभी प्रवेश मार्गों और गलियों पर पुलिस की निगरानी है। सादाबाद और जलेसर की ओर से आने वाले मार्गों पर कड़ी चेकिंग की जा रही है।करणी सेना ने सांसद के घर में की थी तोड़फोड़इससे पहले आगरा में करणी सेना ने सांसद के आवास पर तोड़फोड़ की थी। राजपूत समाज में उनके बयान को लेकर आक्रोश है। कई स्थानों पर उनके पुतले जलाए गए। करणी सेना ने उन्हें गांव में प्रवेश न देने की धमकी दी है।सांसद अपने गांव के मेले में नहीं गएसांसद सुमन हर साल अपने गांव में होने वाले दो दिवसीय मेले में शिरकत करते थे। लेकिन इस बार 23–24 को आयोजित मेले में वह नहीं आए। सीओ सिटी और एसडीएम सादाबाद संजय कुमार को क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है।क्ड बोले– नियम तोड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई एसडीएम संजय कुमार और सीओ सादाबाद हिमांशु माथुर ने बताया कि एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि किसी को भी शांति भंग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में पूरी तरह शांति है।

# उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सादाबाद और सहपऊ ब्लॉक में आयोजित त्रिदिवसीय मेले का समापन किया




उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सादाबाद और सहपऊ ब्लॉक में आयोजित त्रिदिवसीय मेले का समापन किया गया। मेले के अंतिम दिन स्वास्थ्य विभाग ने आगामी मौसम में संचारी रोगों से बचाव के उपाय बताए।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गर्मी में जल भराव से मच्छरों के पनपने का खतरा रहता है। उन्होंने सफाई कर्मियों को गांव के आसपास की झाड़ियों और जल भराव वाले स्थानों की नियमित सफाई के निर्देश दिए।सादाबाद में हाथरस रोड स्थित खंड विकास कार्यालय में सुशासन और सुरक्षा पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हेमलता अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता सुनील गौतम मुख्य अतिथि रहे।कार्यक्रम में सफाई कर्मियों, ग्राम प्रधानों और मनरेगा में कार्यरत एपीओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉक्टर दानवीर सिंह ने संचारी रोगों से बचाव के लिए विशेष सावधानियों पर जोर दिया। जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने भी जीएसटी संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। सहपऊ ब्लॉक में बीडीओ अनुज मिश्रा, एडीओ पंचायत अनिल उपाध्याय, एडीओ आईएसबी दुर्जेंद्र सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग और जीएसटी की टीम उपस्थित रही।

# प्रोफेसर यौन शोषण मामले में पुलिस ने 7 पीड़ित छात्राओं की पहचान कर ली



हाथरस में प्रोफेसर यौन शोषण मामले में पुलिस ने 7 पीड़ित छात्राओं की पहचान की है। हालांकि कोई भी छात्रा पुलिस के सामने बयान देने के लिए तैयार नहीं है। परिजन भी डर और बदनामी की वजह से जुबान नहीं खोल रहे। कोर्ट में गवाही तो बहुत दूर की बात है।पुलिस का कहना है कि लाख कोशिशों के बावजूद कोई भी पीड़िता बयान देने को तैयार नहीं। अब पुलिस इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर ही अपनी जांच आगे बढ़ा रही है।प्रशासन की 4 सदस्यीय जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में प्रोफेसर को यौन शोषण का दोषी माना है। जांच में लड़कियों से छेड़छाड़ और रेप की बात सामने आई है। कॉलेज प्रबंधक ने प्रोफेसर की बर्खास्तगी के लिए विभाग को पत्र लिखा है। पुलिस प्रोफेसर को रिमांड पर लेने के लिए एक–दो दिन में आवेदन करेगी।पीड़ित छात्राओं के सामने नहीं आने से केस पर क्या असर पड़ेगा, उसे जमानत मिलेगी या नहीं? इन सवालों के जवाब जानने के लिए हाथरस के वकीलों से बात कीपूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता हरिओम शर्मा ने कहा– पुलिस द्वारा जुटाए गए सबूत जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। लेकिन केस तब ही मजबूत बनेगा, जब पीड़ित छात्राएं गवाह के रूप में सामने आएंगी।केस में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को भी शामिल किया गया है। इसलिए केस तो चलेगा, लेकिन जब तक कोई पीड़िता सामने नहीं आएगी, तब तक केस मजबूत नहीं होगा।वकील यज्ञदत्त गौतम ने बताया– इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी किसी को दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त आधार हैं। फोन में बहुत से ऐसे सबूत हैं। फोटो और वीडियो हैं, जो प्रा. `फेसर को दोषी ठहराते हैं। अगर किसी के खिलाफ इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य है तो उसके खिलाफ किसी गवाह की आवश्यकता नहीं होती है। सीसीटीवी अपने आप में ही काफी है।इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य काफी मजबूत हैं। पुलिस ने इसे अपनी जांच में शामिल किया है। अब कानून में बदलाव हुआ है। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी काफी मजबूत एविडेंस हैं। तमाम मामलों में पहचान गोपनीय रखी जाती है। आरोपी को दोषी साबित किया जा सकता है। कानूनी धाराओं पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। जिन धाराओं में केस दर्ज हुआ है। उसी में केस आगे चलेगा।वकीलों का मानना है कि आरोपी प्रोफेसर को स्थानीय कोर्ट से जमानत नहीं मिल पाएगी, क्योंकि उसके खिलाफ बहुत सबूत हैं। अब तो जांच समिति ने भी उसे दोषी मान लिया है। इससे केस और मजबूत होगा। जांच समिति ने यह भी माना है कि उसने छात्राओं के साथ रेप और छेड़छाड़ की। इससे जमानत नहीं मिल सकती है। प्रा. `फेसर के दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है फा. `रेंसिक टीम ने भी जांच पड़ताल की और यह भी प्रूफ हो गया कि प्रोफेसर ने ज्यादातर फोटो और वीडियो भूगोल विभाग के अपने कक्ष में ही बनाए हैं। पुलिस ने अन्य इलेक्ट्रानिक साक्ष्य भी एकत्रित किए। पुलिस ने अब तक 7 छात्राओं को चिह्नित कर लिया है, जो प्रोफेसर के यौन शोषण का शिकार हुईं।पुलिस अधीक्षक ने एसआ. ईटी का भी गठन किया है। यह एसआईटी इस केस की जांच के लिए सबूत इकट्ठा कर रही है। माना जारहा है कि जल्द ही प्रोफेसर को पुलिस रिमांड पर लेगी।हा. थरस डीएम ने चार सदस्यों की जांच समिति गठित की थी। इस समिति में एसडीएम सदर नीरज शर्मा, सीओ सिटी योगेंद्र कृष्ण नारायण, बीएसए स्वाती भारती सहित 4 अधिकारी शामिल हैं। जांच समिति ने भी अपनी जांच में प्रोफेसर को यौन शोषण का दोषी माना है।रिपोर्ट में आया है कि यह प्रोफेसर छात्राओं को पास कराने और नौकरी लगवाने के नाम पर उनका यौन शोषण करता था। जब छात्राएं मान जाती थी तो घर बुलाकर उनके साथ रेप करता था। इसके वीडियो रिकॉर्ड करता था। जांच समिति ने कुछ दस्तावेज भी अपने कब्जे में लिए हैं। जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट डीएम को सौंप दी है।मार्च को एक छात्रा ने महिला आयोग को लेटर लिखा। साथ ही फोटो–वीडियो भी भेजे थे। छात्रा के पत्र का महिला आयोग ने संज्ञान लेते हुए जांच के निर्देश दिए। इसके बाद हाथरस गेट कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू की और प्रोफेसर को पूछताछ के लिए बुलाया।उसके मोबाइल को कब्जे में ले लिया, लेकिन उसने पहले ही वीडियो–फोटो डिलीट कर दिए थे। पुलिस ने मोबाइल का डेटा रिकवर कराया, तो 65 अश्लील वीडियो मिले। इसके बाद 13 मार्च को दरोगा सुनील कुमार ने थाने में खुद शिकायत दर्ज कराई, लेकिन जब तक पुलिस आरोपी को पकड़ती, तब तक वह फरार हो गया।हाथरस के बागला डिग्री कॉलेज में छात्राओं के साथ यौन शोषण के मामले में जांच शुरू हो गई है। बुधवार को जांच टीम कॉलेज पहुंची। हाथरस डीएम के आदेश पर एसडीएम सदर की अध्यक्षता में 4 सदस्यीय टीम बनी है। इस टीम ने प्रिंसिपल महावीर सिंह छोंकर से पूछताछ की। कॉलेज के दस्तावेज देखे। टीम 7 दिन के अंदर अपनी रिपोर्ट डीएम को देगी।हाथरस में यौन शोषण का आरोपी प्रोफेसर रजनीश काफी शातिर है। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह वकील की यूनिफॉर्म पहनकर प्रयागराज हाईकोर्ट में वकीलों से मिल रहा था। उसने कुल 4 वकीलों से संपर्क हाथरस के बागला डिग्री कॉलेज में तैनात भूगोल के प्रोफेसर रजनीश कुमार छात्राओं से अश्लील हरकतें करता था। वह अच्छे नंबर दिलवाने और नौकरी लगवाने का झांसा देता था। इतना ही नहीं, प्रोफेसर चोरी–छिपे छात्राओं के अश्लील वीडियो भी बना रहा था। उसके ऐसे करीब 65 फोटो–वीडियो सामने आए हैं।

# हाथरस पुलिस ने करणी सेना के प्रदेश महासचिव निशांत चौहान को सिकंद्राराऊ में हाउस अरेस्ट कर दिया

हाथरस पुलिस ने करणी सेना के प्रदेश महासचिव निशांत चौहान को सिकंद्राराऊ में हाउस अरेस्ट कर दिया है। यह कार्रवाई आगरा में हुए उपद्रव के बाद की गई है। कल करणी सेना ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन के आगरा स्थित आवास पर उपद्रव मचाया था।सुमन का पैतृक निवास हाथरस के सादाबाद में बहरदोई गांव में है। पुलिस को सूचना मिली थी कि करणी सेना के कुछ पदाधिकारी सुमन के पैतृक निवास पर जा सकते हैं और वहां प्रदर्शन कर सकते हैं। इसके बाद पुलिस ने जिले की सीमाओं पर फोर्स तैनात कर दी।खुफिया तंत्र रहा काफी अलर्ट... वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी गई। पुलिस ने निशांत चौहान को खोज लिया और इसके बाद सिकंद्राराऊ के कासगंज रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में ले जाकर नजर बंद कर दिया। वहां पुलिस बल तैनात किया गया है। जिले में खुफिया तंत्र अलर्ट मोड पर है।




## पीड़ित ध्यान दें

यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हैं

यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी दें या मिलें।

इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देने आवश्यक है।इसे पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।

मो. 8218049162

email: jannayaksamrataligarh@gmail.com

jnsnews24aligarh@gmail.com

# जिलाधिकारी ने मोबाइल गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण कर गेहूं खरीद का शुभारंभ किया, किसानों को सुविधाएं देने के निर्देश

अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन ने गुरुवार को ब्लॉक धनीपुर के गाँव कोछोड पहुंच कर गेहूँ खरीद के लिए मोबाइल क्रय केंद्र का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना कर गेहूं खरीद का शुभारंभ किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। खेत स्वामी विजय कुमार सिंह ने बताया कि उनके पास 50 बीघा खेत में गेहूँ है, उपज अच्छी हुई है। वह सदैव ही सरकारी क्रय केंद्र पर ही उपज बेचते आए हैं। इस दौरान किसान विजय सिंह ने डिप्टी आरएमओ राजीव कुलश्रेष्ठ एवं विपणन निरीक्षक खुशबू वार्ष्णेय की कार्यशैली की भूरि–भूरि प्रसंशा भी की। जिलाधिकारी ने किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने, तौल प्रक्रिया को पारदर्शी रखने और केंद्र पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी सु. निश्चित करने को कहा कि किसी भी किसान को अनावश्यक परेशानी न हो और क्रय केंद्र पर पानी, छाया व बैठने की उचित व्यवस्था हो। जिलाधिकारी ने केंद्र की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों की सुविधा के लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। जिला



खाद्य विपणन अधिकारी राजीव कुमार कुलश्रेष्ठ ने बताया कि शासन की महत्वपूर्ण गेहूँ खरीद योजना वर्ष 2024–25 की 17 मार्च 2025 से आरम्भ हो चुकी है। शासन द्वारा मानक के अनुरूप गेहूँ का मूल्य रूपये 2425 प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है और केन्द्र पर गेहूँ की उत. राई व छनाई हेतु अलग से रु0 20 प्रति कुन्तल की प्रतिपूर्ति करने की व्यवस्था की गयी है। उक्त जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि गेहूँ की बिक्री के पूर्व विभाग की वेबसाइट www-fcs-up-gov-in पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण प्रकिया आरम्भ हो चुकी है। कृषक पंजीकरण को आसान बनाने के लिए ओटीपी आधारित व्यवस्था समाप्त कर दी गयी है। पंजीकरण किसी भी जनसुविधा केन्द्र, साइबर कैफे से या स्वयं के द्वारा किया जा सकता है। किसान भाई पंजीकरण कराते समय स्वयं का आधार कार्ड एवं खतौनी अवश्य लेकर जायें। गत वर्ष में खरीद के लिए पंजीकरण करा चुके कृषकों को गेहूँ विक्रय के लिए पुनः पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु उक्त पंजीकरण को संशोधित कर पुनः लॉक कराना होगा। निरीक्षण के दौरान सी0डी0ओ0 एवं सम्भागीय खाद्य नियंत्रक प्रखर कुमार सिंह, सम्भागीय खाद्य विपणन अधिकारी राममूर्ति वर्मा, जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजीव कुमार कुलश्रेष्ठ, विपणन निरीक्षक खुशबू वार्ष्णेय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के तहत . हर घर जल योजना की समीक्षा की

अलीगढ़ (जिलाधिकारी संजीव रंजन ने गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के तहत 'हर घर जल' योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, अभियंता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।जिलाधिकारी ने जलापूर्ति की स्थिति, पाइपलाइन विस्तार, जल गुणवत्ता जांच, उपभोक्ताओं की संतुष्टि एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी घरों तक स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जल संरक्षण, जल गुणवत्ता निगरानी एवं सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के निर्देश देते हुए 'हर घर जल' योजना के तहत पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर योजना के लक्ष्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने के निर्देश दिए अधिशासी अभियंता लोकेश शर्मा ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत 724 की संख्या में 1067 राजस्व ग्रामों में योजना प्रस्तावित है। योजना के तहत पीएनसी



द्वारा 418, केपीटीएल द्वारा 151 एवं आयन एक्सचेंज द्वारा 155 पेयजल योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। पेयजल योजना अंतर्गत 730 नलकूप, 7172 किलोमीटर वितरण प्रणाली, 728 ओवरहैड टैंक,730 पंप हाउस और 427867 हाउस टू हाउस कनेक्शन लगाए जाने हैं। अधिशासी अभियंता लोकेश शर्मा ने बताया कि अब तक 727 नलकूप 6942 किलोमीटर वितरण प्रणाली, 68 ओवरहैड टैंक, 668 पंप हाउस और 390470 गृह जल संयोजन के कार्य पूर्ण हो चुके हैं। 1067 राजस्व में से 457 राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। 2022 किलोमीटर कटी हुई सड़कों के सापेक्ष 1948 किलोमीटर सड़कों की पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है।डीएम ने योजना के तहत प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण के साथ ही खोदी गई सड़कों का पुनरूद्धार कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन 101 ग्रामों में कार्य पूर्ण हो गया है वहां की सूची एवं प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं ताकि किए गए कार्यों का सत्यापन कराया जा सके। उन्होंने किए गये कार्यों का भुगतान लंबित न रखने के साथ ही जल्द से जल्द अवशेष कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए ताकि आमजन को योजना का लाभ मिल सके।


# मा0 मंत्री श्री संदीप सिंह ने चयनित विद्यालयों को निपुण सम्मान समारोह से किया सम्मानित



अलीगढ़ : विगत 08 वर्ष में बदले हुए उत्तर प्रदेश की तस्वीर जनता के समक्ष रखने के लिए तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन प्रत्येक जनपद में किया गया है। त्रिदिवसीय कार्यक्रम एवं विभागीय स्टॉल्स के माध्यम से आमजन ने इस फर्क को साफ तौर पर देखा और महसूस किया है। बात जब बदले हुए उत्तर प्रदेश की आती है तो ये वही उत्तर प्रदेश है जिसे बीमारू कहा जाता था, जहां प्रत्येक व्यक्ति की तरक्की पर रोक लगी हुई थी, टूटी सड़कें और अंधेरा जिसकी पहचान थी। प्राकृतिक धरोहर से परिपूर्ण असीम संभावनाओं वाले प्रदेश को ऐसी स्थिति में छोड़ा गया जिससे आमजनमानस त्रस्त हो गया।उक्त उद्गार प्रदेश के मा0 बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संदीप सिंह ने कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर में व्यक्त किए, वह सेवा, सुरक्षा और सुशासन के केन्द्र सरकार के 10 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के 08 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित पीएम श्री कार्यशाला एवं निपुण सम्मान को संबोधित कर रहे थे। मा0 मंत्री जी ने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में बेरोजगारी दर को 17 से 03 प्रतिशत पर लाया गया है। आज केंद्र सरकार की योजनाओं को क्रियान्वित करने में प्रदेश प्रथम स्थान पर है। पहले सरकार के खजाने खाली रहते थे, कार्मिकों को समय से सेलरी नहीं मिलती थी वहीं अब प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस बना है। उत्तर प्रदेश आज स्वयं के संसाधनों के बल पर भारत का ग्रोथ इंजन बना हुआ है। मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार बिना किसी भ. ेदभाव के निचले तबके को गरीबी की रेखा से ऊपर निकालकर मुख्य धारा में लाने का कार्य कर रही है, भारत सोने का शेर बनने की ओर मजबूती से कदम बढ़ा रहा है।मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार के 08 वर्ष पूर्ण होने पर हम जिले में हुए विकास कार्यों को याद करें कि इन 08 वर्षों में हमारे विद्यालय कितने बदल गए हैं। महिलाओं को रोजगार मिला है और वह आत्मनिर्भर बन रही हैं।मा0 जिलाध्यक्ष श्री कृष्णपाल सिंह ने कहा कि विगत 08 वर्ष में जिले में राजा महेन्द्र प्रताप विश्वविद्यालय, जिले के निकट जेवर एयरपोर्ट, डिफेंस कॉरिडोर, स्मार्ट सिटी से अनेक कार्य हुए हैं जिनसे आमजन का जीवन आसान हुआ है और उसे रोजागार व शिक्षा के अवसर प्राप्त हुए हैं।इससे पूर्व मा0 मंत्री जी ने विभागीय योजनाओं के लगाए गए स्टॉल्स एवं सूचना विभाग की चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करने के उपरांत मॉ शारदे की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम में संस्कृति विभाग द्वारा भेजी गई ललित कुमार एवं पूनम सारस्वत एवं मीनाक्षी नागपाल की टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और कस्तूरबा गॉधी विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत एवं लोक गायक लोकेश शास्त्री ने यूपी में आई बहार योगी.....और त्रिवेणी तेरा संगम अद्भुत......की मंत्रमुग्ध प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मा0 मंत्री जी द्वारा जिले के चयनित 65 निपुण विद्यालयों में से 13 विद्यालयों– अक. राबाद के प्रा0वि0 कौड़ियागंज, अतरौली के संवि0 वि0 राजमार्गपुर, बिजौली के मऊपुर भाऊपुर, चण्डौस के जहराना, धनीपुर के नगला दारापुर, गंगीरी के नवीपुर, गोंडा के गोंडा, इगलास के बैलोठ, जवां के बसेली, खैर के नगौला, लोधा के एलमपुर, टप्पल के महाराजगढ़ एवं नगर क्षेत्र के कन्या पाठशाला–18 के प्रधानाचार्यों को प्रशस्ति प्रमाण देकर सम्मानित किया गया। मा0 मंत्री जी ने कार्यक्रम में बेटी बचाओ–बेटी बचाओं वाद–विवाद प्रतियो. गिता की छात्रा लोधा एलमपुर से सुरभी को 11000, लोधा लेखराजपुर की मानसी को 5000 एवं इगलास कारेका की हिमांशी को 2500 रूपये से पुरस्कृत किया गया। एनआरएलएम के माध्यम से 353 महिला स्वयं सहायता समूहों को 5 करोड़, 29 लाख एवं 50 हजार धनराशि का चौक दिया गया। मंत्री जी ने होम बेस्ड एवं विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत 11 दिव्यांग छात्र छात्राओं को ट्राइसाइकिल एवं अन्य सहायक उपकरण प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने 05 नवनियुक्त आग. ंनबाड़ी– वीना मिश्रा, श्वेता, पिंकी, गुंजन एवं ज्योति सिंह को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मा0 मंत्री जी ने नन्हे बच्चे धनंजय का अन्नप्राशन कराते हुए उसको खिलोने भी वितरित किए।पीएम पोषण मध्यान्ह योजना के अन्तर्गत जनपदस्तरीय रसोईया पाक कला प्रतियोगिता में जिले की 30 रसोईयों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें से ब्लॉक इगलास की टीम रैनू, संतोष कुमार एवं सपना को प्रथम पुरस्कार (3500), चण्डौस की रजनी, मंजू एवं कुसुम को द्वितीय पुरस्कार (2500) गंगीरी की हुसैनी बेगम, गुड्डो देवी एवं महादेवी को 1500 रूपये एवं सभी प्रतिभागियों को सां. त्वना पुरस्कार स्वरूप 600–600 रूपये से पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष गौरव शर्मा, जिला महामंत्री शि. वनारायण शर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधि, डीएम संजीव रंजन, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, पीडी भाल चन्द त्रिपाठी, बीएसए राकेश कुमार सिंह, डिस्ट्रिक्ट मिशन मैनेजर जितेन्द्र सिंह समेत अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौहान को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

अखिल भारतीय करणी सेना द्वारा अलीगढ़ में समाजवादी पार्टी के क्वार्सी स्थित कार्यालय के घेराव की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक बन्ना देवी पंकज मिश्रा व प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन राजवीर परमार फोर्स के साथ प्रदेश अध्यक्ष ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौहान के आवास रिसाल सिंह नगर पर पहुंच गए तथा प्रदेश अध्यक्ष को हाउस अरेस्ट कर लिया। प्रदेश अध्यक्ष के हाउस अरेस्ट की सूचना मिलने पर करणी सेना के तमाम कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष आवास पर पहुंच गए तथा पुलिस अधिकारियों से नोकझोंक होने लगी मामले को बढ़ता देख प्रदेश अध्यक्ष के आवास पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता की तथा प्रदेश अध्यक्ष ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौ. हान से क्षेत्राधिकारी द्वितीय के कार्यालय पर अपर सिटी मजिस्ट्रेट प्रथम को ज्ञापन देने का आग्रह किया। प्रदेश अध्यक्ष ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि 21 मार्च 2025 को राज्यसभा की कार्रवाई के दौरान समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन ने सदन में खड़े होकर अपने बयान में राणा सांगा व समस्त हिंदू समाज को गद्दार कहा था जिस पर पूरे भारतवर्ष में रामजीलाल सुमन के बयान का विरोध हुआ था और तमाम जगहों पर हिंदू समाज के द्वारा धरने प्रदर्शन किए गए थे उसी क्रम में कल आगरा में करणी सेना के द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शन पर समाजवादी पार्टी के गुंडो ने पथराव कर दिया जिसमें बड़ी संख्या में करणी सैनिक व पुलिस कर्मी घायल हो गए थे इस घटना के विरोध में अखिल भारतीय करणी सेना के पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में समा. जवादी पार्टी के कार्यालय का घेराव एवं रामजीलाल सुमन का पुतला फूंकने जा रहे थे लेकिन हर बार की तरह इस बार भी पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट कर लिया गया किंतु खैर रोड की तरफ से आ रहे करणी सैनिकों ने प्रदेश अध्यक्ष के आदेश पर खेरेश्वर चौराहे पर ही रामजीलाल सुमन का पुतला फूंक दिया और नारेबाजी की।इधर प्रदेश अध्यक्ष पर आवास मौजूद पुलिस फोर्स प्रदेश अध्यक्ष को अपनी निगरानी में क्षेत्राधिकारी द्वितीय राजीव द्विवेदी के कार्यालय पर ले गई तथा करणी सेना के पदाधिकारियों ने वहां पर मौजूद अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में करणी सेना द्वारा मांग की गई कि समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन की सदस्यता बर्खास्त की जाए तथा उनके विरुद्ध


डा. ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान
अखिल भारतीय करणी सेना

सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वाले करणी सैनिकों में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष जगमोहन मालवीय, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा शक्ति वीरू भदोरिया, जिलाध्यक्ष राजेश वशिष्ठ, संजय सिंह, वीपी सिंह, संजीव सक्सेना, आलेख सैनी, विवेक जादौन, मनु ठाकुर, आलोक कुमार, सूर्यांश खुराना, सुंदर राघव, शिवम जादौन, मुकेश कश्यप, संजीव कुशवाहा, शरद कुशवाहा, डॉ राहुल चौधरी, अंकित भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में करणी सैनिक उपस्थित थे

# क्वार्सी कृषि फार्म में एक दिवसीय किसान मेला एवं कृषि ज्ञान संगोष्ठी का हुआ आयोजन

अलीगढ़ राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत एक दिवसीय किसान मेला एवं कृषि ज्ञान संगोष्ठी का आयोजन क्वार्सी कृषि परिसर में किया गया। मा0 अध्यक्ष जिला जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष महोदया, की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती विजय सिंह ने माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा देश में संचालित योजनाओं के माध्यम से कृषकों एवं महिला कृषकों को कृषि के बारे में जानकारी दी। डॉ० के०डी० दीक्षित क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान क्षेत्र, कलाई ने मृदा स्वास्थ्य के बारे में एवं मृदा में जीवाश्म कार्बन की मात्रा को कैसे बढ़ायी जाये के बारे में जानकारी दी। बलजीत सिंह, उप निदेशक उद्यान, अलीगढ़ मण्डल ने अलीगढ़ ने उद्यान की फसलों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ ऐ०के० सिंह ने पशुओं में लगने वाले रोगों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। विश्वजीत जादौन जी ने जैव प्रौद्योगिकी से तैयार पौधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सतीश चन्द्र जादौन ने भूमि परीक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। राधेश्याम शर्मा प्रगतिशील कृषक ने जैविक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन सतेन्द्र कुमार तकनीकी सहायक के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कृषकों को प्रश्नोत्त्तरी में प्रतिभाग करने वाले 15 किसानों को स्वचलित स्प्रेयर मशीनों को देकर पुरस्कृत किया गया। प्रमोद कुमार, उप कृषि निदेशक (शोध), अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ द्वारा सम्भागीय कृषि परीक्षण एवं प्रदर्शन केन्द्र अलीगढ़ में चल रहे शोध कार्यों एवं कृषकों को जागरूक करते हुये किसान मेला व कृषि ज्ञान संगोष्ठी के बारे में कृषकों को विस्तृत जानकारी दी, साथ ही सभी माननीय, अधिकारियों एवं देवतातुल्य कृषकों को भी धन्यवाद देते हुये कार्यक्रम का समापन किया गया कार्यक्रम में श्री प्रमोद कुमार, उप कृषि निदेशक (शोध), अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़, डॉ० के० डी० दीक्षित, क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र, कलाई, डॉ० ए० के० सिंह, उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, अलीगढ़, श्री बलजीत सिंह उप निदेशक उद्यान, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ, श्री सन्तोष कुमार प्रभाकर, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, कोल अलीगढ़, डा० विश्वजीत सिंह, सी०ई०ओ० ए०एच०पी०ए) अलीगढ, श्री सतीश चन्द्र जादौन, सेवानिवृत्त प्रभारी, भूमि परीक्षण प्रयोगशाला, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ, श्री रविन्द्र सिंह, प्रभारी एवं डॉ दिनेश कुमार, वरिष्ठ शोध सहायक, क्वार्सी कृषि शोध प्रक्षेत्र, अलीगढ़ एवं श्री श्यामदेव, प्रभारी, भूमि परीक्षण प्रयोगशाला, अलीगढ मण्डल, अलीगढ, श्री मुन्नीलाल भूमि परीक्षण प्रयोगशाला हाथरस, श्री आशुतोष कुमार प्रभारी, भूमि परीक्षण प्रयोगशाला एटा, श्री ऋषभ राज, अपर जिला कृषि अधिकारी, अलीगढ, श्री विनय कुमार, टी०ए० कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी, अलीगढ एवं अन्य उपस्थित रहे। मण्डलीय मेले में अलीगढ़, हाथरस, एटा एवं कासगंज के कृषकों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# कासगंज : पुलिस से बेखौफ चक्के, साइकिल से उतार ले गए दो लाख नकदी भरा थैला



गंजडुंडवारारू गंजडुंडवारा बैंक से पैसे निकालकर घर जाने वाले लोगों को बाइ. कर्स गैंग और चोर–उच्चके अक्सर शिकार बनाते हैं। ऐसा ही एक मामला कस्बे में घटित हुआ है, जिसमें शातिर उच्चकों ने साइकिल पर टंगे नगदी भरे थैले पर हाथ साफ कर पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती दी है। इसके बाद पुलिस उच्चकों की तलाश में जुट गई है।घटनाक्रम के अनुसार, थाना क्षेत्र के गांव वरेठी नगला निवासी मोहम्मद अय्यूब अपनी पत्नी के साथ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से कैश निक. ालने गए थे। समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर दोनों ने अपने खाते से एक–एक लाख रुपये की रकम निकाली। अय्यूब निकाली गई कुल 2 लाख रुपये की रकम लेकर पत्नी संग बैंक से घर के लिए चल दिएजैसे ही वे सहावर रोड पहुंचे, लाप. रवाही से साइकिल पर नकदी भरा थैला टांगकर दरांती खरीदने में मशगूल हो गए। इसी बीच, पहले से नकदी उड़ाने के प्रयास में घात लगाए बैठे अज्ञात बाइक सवार उच्चके आए और नकदी भरा थैला उतारकर मौके से नौ दो ग्यारह हो गए। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी खंगालकर अपराधियों की शिनाख्त में जुट गई। सिटी इंचार्ज रविंद्र चाहर ने बताया कि सर्विलांस के माध्यम से अपराधियों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। नाकाबंदी कर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

## गुरुवार की सुबह छर्रा रोड पर गांव नगला पट्टी के समीप सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा मिला



कासगंज,: गुरुवार की सुबह छर्रा रोड पर गांव नगला पट्टी के समीप सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा हुआ मिला है। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों के साथ ढोलना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास किए, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने उसके शव को 72 घंटे के लिए पोस्टमार्टम गृह में रखवा दिया हैकासगंज छर्रा रोड पर नगला पट्टी के समीप सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा हुआ मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बडी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणो ने घटना की जानकारी ढोलना थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर गोविंद वल्लभ शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने शव की शिनाख्त कराने के लिए भरकस प्रयास किए, लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। बाद में पुलिस ने अज्ञात में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।इंस्पेक्टर गोविंद वल्लभ शर्मा ने बताया युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हुई है। उसकी उम्र 35 से 40 साल की प्रतीक होती है। शव को 72 घंटे के लिए मोर्चरी में शिनाख्त कराने के लिए रखवा दिया गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## युवक को घर से उठाकर मारपीट करने के मामले में अमांपुर के तत्कालीन थानाध्यक्ष सहित चार के खिलाफ कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने के आदेश

कासगंज,रू युवक को घर से उठाकर मारपीट करने के मामले में अमांपुर के तत्कालीन थानाध्यक्ष सहित चार के खिलाफ कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। पीड़ित ने मानवाधिकार न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई थी। पीड़ित के प्रार्थना पत्र और साक्ष्यों के आधार पर न्यायाधीश ने थाने में मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।बता दें, 30 दिसंबर 2024 की शाम को कासगंज के मोहल्ला इस्लाम नगर से इस्लाम नवी को अमांपुर पुलिस ने अवैध रूप से उठाया। उनके खिलाफ थाने में कथित तौर पर मारपीट की गई। पैसे मांगने के आरोप भी लगे। पीड़ित ने पुलिस के उच्चाधिकारियों से शिकायत की। पुलिस ने आनन–फानन में 1 जनवरी 2025 को झूठा ई–रिक्शा चोरी का मामला दर्ज कर दिया। पीड़ित ने मानवाधिकार न्यायालय में अपनी अर्जी दाखिल की।दाखिल अर्जी में पीड़ित ने बताया कि अमांपुर थाने के पुलिस कर्मी, बिना किसी अधिकार और उच्चाधिकारी की अनुमति के, उसके घर में घुस आए और पूछताछ के नाम पर उसे शाम लगभग 3 बजे अपने साथ ले गए। थाने में उसे रात 12 बजे तक अभिरक्षा में रखा गया, जहां उस पर अमानवीय अत्याचार किए गए।लाठी–डंडों और बेल्ट से मारपीट की गई, जिससे उसके शरीर पर गंभीर चोटें आईं। इस मामले की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता अरुण कुमार उपाध्याय ने सबूतों के साथ दलीलें प्रस्तुत कीं, जिसके बाद अपर जिला जज प्रथम अनुतोष कुमार शर्मा ने आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दिया। इस कार्रवाई के बाद थानाध्यक्ष चंचल सिरोही सहित पुलिस कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## थाना प्रभारी समेत चार पुलिस कर्मियों के खिलाफ FIR दर्ज करने का आदेश

कासगंज के अमापुर थाने में एक युवक से मारपीट के मामले में न्यायालय ने बड़ी कार्रवाई की है। ।ADJ अनुतोष शर्मा ने तत्कालीन थाना प्रभारी समेत चार पुलिस कर्मियों के खिलाफ FIR दर्ज करने का आदेश दिया है।मामला मोहल्ला इस्लाम नगर के रहने वाले इस्लाम नवी का है। उन्होंने आरोप लगाया कि 30 दिसंबर को अमापुर थाने के तत्कालीन एसओ चंचल सिरोही, एसआई चंद्रपाल, कांस्टेबल महेश और हैड कांस्टेबल सोमवीर ने थाने में उनके साथ मारपीट की।पीड़ित के अनुसार, पुलिस कर्मियों ने पैसे की मांग की। जब उन्होंने पैसे देने से मना किया, तो पुलिस ने 1 जनवरी 2025 को उन पर चोरी का झूठा केस दर्ज कर दिया। पीड़ित ने जब कहीं सुनवाई नहीं हुई, तो उन्होंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।न्यायालय ने पीड़ित की शिकायत की जांच के बाद आरोपों को सही पाया। इसके बाद ।क्श्र ने चारों पुलिस कर्मियों के खिलाफ FIR दर्ज करने का आदेश दिया है।

## एटा जिले की रिजोर थाना पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में फरार

एटा जिले की रिजोर थाना पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान प्रदीप कुमार के रूप में हुई है। वह ग्राम उम्मेदपुर का रहने वाला है।पीड़िता ने प्रदीप कुमार पर जबरन दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार किया।पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस गिरफ्तारी में थाना प्रभारी जेपी अशोक के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल सुधीर कुमार, कांस्टेबल ओमवीर सिंह और महिला कांस्टेबल बबीता की टीम शामिल रही।

## एटा जिले के रिजोर थाना क्षेत्र में भामरपुर के पास देर रात एक गंभीर सड़क हादसा

एटा जिले के रिजोर थाना क्षेत्र में भामरपुर के पास देर रात एक गंभीर सड़क हादसा हुआ। दो लोगों से भरी एक बाइक खड़ी मैक्स पिकअप से टकरा गई।हादसे में खुशालगढ़ निवासी 45 वर्षीय राजेश कुमार और उनका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों मजदूरी करके देर शाम अपने घर लौट रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एटा स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान राजेश कुमार को मृत घोषित कर दिया। दूसरे घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।थाना प्रभारी रिजोर जे.पी. अशोक ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।घटना की खबर मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। परिवार में मातम का माहौल है।

## सडक किनारे पेड़ से टकराई एम्बूलेंस, चालक की मौके पर मौत

सिढपुरा– संवावदाता इंद्रपाल राजपूत थाना सिढपुरा क्षेत्र में बुधवार की अलसुबह अनियंत्रित एम्बुलेंस सडक लगे पेड से टकरा गई। जिससे एम्बूलेंस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बूलेंस चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिये भेज दिया है।बताया जाता है कि हरियाणा के जनपद पलवल क्षेत्र के गांव स्वामिका निवासी पवन पुत्र रूप चंन्द्र नोयडा में एम्बूलेंस चलाता है। बीती देर रात वह नोयडा के एक हास्पीटल से किसी मरीज को छोडने सिढपुरा थाना क्षेत्र में आया हुआ था। आज बुधवार की अलसुबह जव वह बापस जा रहा था, तभी थाना सिढपुरा क्षेत्र के पटियाली मार्ग स्थित रजवाह के समीप एम्बूलेंस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना इतनी भयंकर थी कि

एम्बुलेंस चालक पवन उम्र 36 साल की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना थाना सिढपुरा पुलिस को दी गई मौके पर उपनिरीक्षक मुन्ना लाल, मय पुलिस बल के पहुंचे और एम्बुलेंस में फंसे चालक को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर



निकाला तब तक चालक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना हॉस्पिटल को दी गई वहां से चालक के परिजन पुलिस से सम्पर्क कर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे जहां उनका रो रो कर बुरा हाल है।

## उत्तर प्रदेश में लूट, अपहरण व बलात्कार जैसे अपराधों में आई 60 से 70 प्रतिशत तक की कमी–रजनीकांत माहेश्वरी

कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत



भाजपा सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर उत्तर प्रदेश कि भाजपा सरकार अपने इस कार्यकाल को सुशासन के रूप में मना रही है। जिसके चलते बुधवार को दूसरे दिन विकास भवन में सभी विवाह को विभागों द्वारा अपने जनपद में हुए विकास का एवं जनता को दी गई और सुविधाओं के बारे में समझाया गया। कार्यक्रम के अनुसार बुधवार प्रदर्शनी का उद्घाटन जनपद के प्रभारी मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण को करना था, लेकिन किसी कारणवश उनका दौरा रद्द हो गया, उनकी जगह रजनीकांत माहेश्वरी विधान परिषद सदस्य द्वारा प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया।आपको बताते चले कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की 8 वर्ष से लगातार सरकार चल रही है उत्तर प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश के सभी जिले एवं तहसील स्तर पर अपने संगठन के लोगों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा जिले से भूत स्तर तक एवं गांव की गली एवं घर–घर तक अपनी उपलब्धियां का बखान करने के लिए कार्यकर्ताओं को लगाया है। इसी के तहत कासगंज के विकास भवन पर जिले में हुए विकास कार्यों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। जिससे आम जनता को योजनाओं के बारे में बताया जा सके। बुधवार को दूसरे दिन जिले के प्रभारी मंत्री के न आने के कारण प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व ब्रज क्षेत्र अध्यक्षः सदस्य विधान परिषद रजनीकांत महेश्वरी ने किया। कार्यक्रम के दौरान जिले में नियुक्त हुई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र, कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के चलते जिले के कृषकों को कृषि यंत्र व जिला उद्योग के माध्यम से अग्रणी बैंक द्वारा उद्यमियों के लिए चेक का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान एमएलसी माहेश्वरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराधों में भारी गिरावट आई है।

उन्होंने बताया कि हत्या, लूट, डकैती, अपहरण और बलात्कार जैसे अपराधों में 60 से 70 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है। राहुल गांधी के संसद में बोलने न देने के आरोप परउन्होंने कहा कि विपक्ष एकजुट हो गया है, लेकिन उनकी रणनीति विफल हो गई है। वही भाजपा के जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार एवं संगठन का पहला उद्देश्य है, कि गरीबों, शोषितों ,और वंचितों को न्याय दिलाना एवं प्रत्येक समाज के लोगों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाए। सरकार सबसे ज्यादा सूक्ष्म एवं लघु उद्योग, चिकित्सा, शिक्षा और सड़कों पर काम कर रही है, आज रात के 12 बजे भी कोई भी आदमी कहीं भी जा सकता है। प्रदेश पूरी तरह से अपराध मुक्त हो गया है, अपराधी या तो जेल में है, या अब वह प्रदेश से फरार हो गए हैं। वही कार्यक्रम को जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, सहित अन्य वक्ताओं ने भी उपस्थित लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान ज्ञान प्रकाश गुप्ता, नवल कुलश्रेष्ठ, देवेंद्र राजपूत विधायक कासगंज, हरिओम वर्मा विधायक अमापुर, राजवीर भल्ला, डॉ बीडी राना, बॉबी कश्यप, केपी सिंह, अनुरोध प्रताप सिंह चौ. हान, आकाशदीप वर्मा रानू, शिव प्रताप सोलंकी, संपूर्णानंद भारद्वाज, राहुल वर्मा, अजय शर्मा सहित पार्टी दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अमांपुर के बाजार में महाराष्ट्र के तरबूज और आंध्रा के आम की दस्तक,रमजान माह को लेकर फलों की कीमत में उछाल

अमांपुर संवावदाता इंद्रपाल राजपूत गर्मी के बढ़ने के साथ ही रमजान माह को लेकर फल बाजार सज गया है। रमजान पर पपीता, तरबूज, खरबूज, केला, अंगूर, चीकू व पिंड खजूर की डिमांड ज्यादा होती है। फलों पर महंगाई ने भी अपना रूप दिखाना शुरू कर दिया है। रोजेदारों के लिए फलों का सेवन महंगा होता जा रहा है। अनार, सेब, केल, अंगूर, पपीता, आम, चीकू सहित सभी फलों की कीमत 30 प्रतिशत बढ़ गई है। फल विक्रेता अंसार मियां, बाहर मियां, पप्पू, भूरे का कहना है कि रमजान के बाद नवरात्र तक इनके दामों में गिरावट आना मुश्किल है। मार्च महीने में 70 रुपये किलो की दर से बिकने वाला अनार और सेब 120 रूपये किलों तक जा पहुंचा है। इसी प्रकार 20 रूपये किलो बिकने वाला केला 50 रूपये, वही खरबूज 40, आम 80, तरबूज 20, अंगूर 80, संतरा 80 रूपये किलों की दर से बिक



रहा है। बाजार में महाराष्ट्र और आंध्रा के तरबूज, खरबूज और आम की खरीदारी खूब हो रही है।